लोक सभा अध्यक्ष ने जम्मू और काश्मीर में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए प्रधान मंत्री को 14 लाख रुपए का चेक दिया l

नई दिल्ली, 6 अक्तूबर, 2014 : माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी को जम्मू और काश्मीर में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में 14 लाख रुपए का चेक दिया।

उल्लेखनीय है कि जम्मू और काश्मीर के अधिकांश भागों में अचानक आई बाढ़, जिससे जान-माल की क्षति हुई, से प्रभावित लोगों के प्रति सहृदयता दर्शाते हुए माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने बाढ़ पीड़ितों को सभी संभव सहायता प्रदान करने की अपील की थी। माननीय अध्यक्ष ने उनकी सहायता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में उदारतापूर्वक दान दिया। इसी तरह लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बाढ़ पीड़ितों के प्रति चिंता और सहानुभूति दर्शाते हुए अपना एक दिन का वेतन प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में दिया ।